wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-85 | सागवाड़ा, मंगलवार,23 नवम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



## वसुंधरा बोलीं मेरी यात्रा राजनैतिक नहीं है

### राजे ने सांवलिया सेठ के दर्शन किये, भीड़ जुटाकर दिखाई ताकत

**उदयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंगलवार से मेवाड़ यात्रा शुरू की। राजे ने सांवलिया सेठ के दर्शन किये। राजे के इस कार्यक्रम में भीड़ जुटी। हालांकि राजे ने अपनी इस यात्रा को गैरराजनीतिक बताया है। लेकिन राजनीति के जानकारों का मानना है कि राजे अपनी इस यात्रा से पार्टी के नेताओं को अपनी ताकत दिखाना चाह रही है। मंगलवार को वसुंधरा की सभा में भारी भीड़ पहुंची। इसमें से कुछ लोग मंच पर पहुंच गए। पुलिस के लिए भी कंट्रोल करना मुश्किल हो गया, पहले राजे ने मंच पर चढ़ रहे कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई, फिर भी कार्यकर्ता नहीं माने तो नाराज राजे भाषण बीच में छोड़कर बैठ गईं। इसके बाद भी कार्यकर्ता नहीं माने। इससे





पहले वसुंधरा राजे सांवलिया सेठ के मंदिर गई। मंदिर समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। राजे ने पहली बार सांवरा सेठ के दर्शन कर अपनी यात्रा की शुरूआत की है। अब तक राजसमंद के चारभुजा मंदिर से ही शुरूआत करतीं थीं।मंच से राजे ने कहा कि पार्टियां कयास लगा रही है कि यह यात्रा राजनीतिक है। मगर हर बात को राजनीति से जोड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि कोविड में कई लोगों ने अपनों को खोया है। उनके दुख में शरीक होने आई हूं। सांवरा सेठ के दर्शन कर कोविड का असर कम होने का धन्यवाद दिया है।

## धार्मिक यात्रा में राजे ने दिखाया राजनीतिक रुतबा

**बाँसवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे मंगलवार को धार्मिक यात्रा के तहत बांसवाड़ा पहुंची। तलवाड़ा हवाई पट्टी पर विधायक, सांसद सहित भाजपा पदाधिकारियों ने राजे का भव्य स्वागत किया। वही राजे पूर्व मंत्री जीतमल खांट एवं पूर्व मंत्री भवानी जोशी के भाई के निधन होने पर परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी। हजारों की संख्या में राजे समर्थक घण्टों स्वागत के इंतजार में खड़े रहे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से अधिकृत यात्रा नहीं होने के बावजूद डूँगरपुर- बाँसवाड़ा जिले से भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम राजे का स्वागत करने के लिए उमडा। पूर्व मंत्री



भवानी जोशी और धनसिंह रावत ने भी राजे का स्वागत किया। वही राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सांसद कनकमल कटारा, विधायक हरेंद्र निनामा ,पूर्व संसदीय सचिव भीमाभाई डामोर,अध्यक्ष गोविंद सिंह राव ने भी किया स्वागत,राजे का स्वागत करने वागड़ क्षेत्र की सभी विधानसभा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे । वही देर शाम राजे माँ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर पहुंची वहां माँ में दर्शन किये । राजे रात्रि विश्राम त्रिपुरा सुंदरी गेस्ट हाउस में करेंगी ।



**बांसवाड़ा ।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अपनी मेवाड़ यात्रा के दौरान अरथूना गांव पहुंचकर दक्षिणी राजस्थान के वरिष्ठ नेता एवं राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री स्व. जीतमल खांट को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान परिजनों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। राजे ने कहा की स्वर्गीय खांट ने आजीवन जनसेवा एवं परहित की भावना से काम किया तथा अपनी इसी लोकप्रियता के चलते वागड़ क्षेत्र की राजनीति में अलग मुकाम हासिल किया था। मेरी सरकार के समय राज्यमंत्री के रूप में उनके सेवाभावी कार्यकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर गढ़ी विधायक कैलाश मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे



**धरियावद।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने धरियावद के लसाड़िया गांव पहुंचकर पूर्व विधायक स्व. गौतम लाल मीणा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वही राजे ने कहा की स्व. मीणा की इच्छा थी कि उनके बड़े पुत्र कन्हैया लाल को पिता की पगड़ी मैं अपने हाथों से पहनाऊं,आज पगड़ी रस्म के रूप में उनकी ये अंतिम इच्छा पूरी करके में यहां आई हूं। मैंने जब 2003 में राजस्थान की कमान संभाली थी, तब मीणा ने अपने सियासी सफर की शुरुआत की थी। वहीं 2013 के कार्यकाल में भी उनका भरपूर सहयोग मिला। वे जमीन से जुड़े नेता थे, जिनकी कर्मठता ने मेवाड़ एवं वागड़ क्षेत्र में भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया था ।

## खेतों में मिली युवक की संदिग्ध लाश, सनसनी से गांव के लोग इकट्ठे हुए

**सागवाड़ा ।** खड़गदा के पास मंगलवार सुबह खेतों के बीच एक युवक का संदिग्ध शव मिला है। शव मिलने की खबर के बाद गांव में सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह सोलंकी ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली कि खड़गड़ा के पास काली घाटी से मिडिय गांव जाने वाले रोड पर खेतों के बीच एक लाश पड़ी है। मौके पर जाकर देखा तो एक युवक मरा हुआ पड़ा था। युवक की पहचान खड़गड़ा के काली घांटी निवासी हेमराज उर्फ हेमा (30) पुत्र विलिया रोत के रूप में की गई। पिता विलिया ने बताया उसका बेटा गांव में एक भजन-कीर्तन के कार्यक्रम में गया था। रात 12 बजे के बाद वह भजन मंडली से घर जाने के लिए निकला था, लेकिन वह घर पर नहीं पंहुचा। पिता विलिया ने बेटे के शव को देखकर रोते हुए उसकी हत्या कर शव फेंकने के आरोप लगाएं। थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह ने जांच करते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस ने शव को सागवाड़ा होस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस पिता की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## क्रिकेट व बास्केट बोल खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर शिक्षा विभाग की ओर से लक्ष्मण मैदान में चल रही चार दिवसीय क्रिकेट व बास्केट बोल खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। इस मौके पर लक्ष्मण मैदान स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी होल में समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगरपरिषद के सभापति अमृत लाल कलासुआ रह। इस मौके पर अतिथियों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता रही सनराइज स्कूल व बास्केट प्रतियोगिता में अव्वल रही फ्लावर किड्स स्कूल की टीम को पुरुस्कृत किया गया। वही इस मौके पर सभापति अमृतलाल ने खिलाडियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में सभापति अमृत लाल ने विजयी रही टीमो के खिलाडियों को बधाई दी साथ ही उपविजेता रही टीमो के खिलाडियों को निराश न होकर आगे और मेहनत कर जीत हासिल करने का आव्हान किया।

### प्रशासन गांवों के संग शिविर

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से मिला वजिया और देवजी को आर्थिक संबल

**डूंगरपुर ।** प्रशासन गांवों के संग शिविर डूंगरपुर जिले के निवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आए हैं। डूंगरपुर जिले के पंचायत समिति साबला की ग्राम पंचायत म्याला के वजीया रतना मीणा एवं देवजी रामलाल जी मीणा को मंगलवार शिविर में उनकी पुत्रियों के विवाह पर राज्य सरकार से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत बड़ा आर्थिक सहारा मिला। दोनो प्रार्थियों ने कभी सोचा भी नहीं था कि नवम्बर मंगलवार का दिन इतना शुभ होगा, लेकिन जैसे ही वे ग्राम पंचायत में आयोजित प्रशासन गांवों के संग शिविर में पहुंचे तो उन्हें राज्य सरकार द्वारा बीपीएल परिवार बेटियों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की जानकारी मिली। इस पर दोनो लाभार्थी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कलपित शर्मा व शिविर प्रभारी गजराज सिंह को अपनी बेटियों के शुभ विवाह के बारे में जानकारी दी। इस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि उनकी बेटियों के लिए राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत नियमानुसार क्रमशः 41 व 31 हजार रूपयें का सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके बाद अधिकारियों ने पहल करते हुए संबंधित लाभार्थियों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर शिविर में ही ई-मित्र पर आवेदन करवाया गया, जिससे तुरन्त स्वीकृति प्रदान की गई। दोनो लाभार्थियों को विधायक आसपुर गोपीचंद मीणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजली राजौरिया, शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार साबला नरेन्द्र सिंह, विकास अधिकारी राहुल बैरवा ने स्वीकृति आदेश सौंपा। इस मौके पर वजिया मीणा व देवजी मीणा ने पुत्रियों के विवाह पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में लाभान्वित होने पर खुशी जाहिर करते हुए राज्य सरकार व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## देश भक्ति एंव राष्ट्र निर्माण पर ब्लाक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**डूंगरपुर ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केन्द्र, डूंगरपुर द्वारा देश भक्ति एंव राष्ट्र निर्माण पर ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवम्बर को डूंगरपुर ब्लॉक के राजकीय महारावल उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरपुर में किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि देश भक्ति एंव राष्ट्र निर्माण पर डूंगरपुर ब्लॉक में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागीयों की आयु 18 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिये तथा प्रतिभागी डूंगरपुर ब्लॉक का निवासी हो। इस प्रतियोगिता का विषय सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की थीम के साथ देश भक्ति और राष्ट्र निर्माण होगा। भाषण का समय 10 मिनट से अधिक नहीं होगा। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला स्तर पर बुलाया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को पांच हजार रूपयें द्वितीय को दो हजार तथा तृतीय स्थान को एक हजार रूपयें की राशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के आयोजन की दिनांक तथा स्थान की सूचना ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता पश्चात प्रदान कराई जाएगी।

## बाल विवाहों की रोकथाम हेतु 31 दिसम्बर तक नयंत्रण कक्ष स्थापित

**डूँगरपुर।** जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर सुरेश कुमार ओला ने आदेश जारी कर राजस्थान में बाल विवाह प्रतिषेध अभियान का संचालन किये जाने से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले में बाल विवाहों की रोकथाम संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कार्यालय अधीक्षक कक्ष में 31 दिसम्बर 2021 तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जो 24 घंटे क्रियाशील रहेगा।

जारी आदेश के अनुसार प्रथम पारी प्रातः 06.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक कनिष्ठ सहायक, राउमावि बेडा डूंगरपुर हाल नियंत्रण कक्ष मुकेश परमार, द्वितीय पारी दोपहर 02.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक कनिष्ठ सहायक, राउमावि मनातफला हाल नियंत्रण कक्ष रवीन्द्र प्रतापसिंह भाटी, तृतीय पारी रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक व्याख्याता, राउमावि सुराता डूंगरपुर हाल नियंत्रण कक्ष सतीश भदौरिया तथा आरक्षित पारी सोमवार प्रातः 06.00 से दोपहर 02.00 बजे तक, बुधवार दोपहर 02.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक एवं शुक्रवार रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक कनिष्ठ सहायक, अतिरिक्त निदेशक कार्यालय कृषि विभाग सागवाड़ा हाल नियंत्रण कक्ष जुनैद खान को नियुक्त किये है। जारी आदेश के अनुसार नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी कार्यालय अधीक्षक (अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी) जिला कलक्टर कार्यालय, डूंगरपुर रहेंगे, जिनका दूरभाष नंबर 02964-232262 है। संबंधित कार्मिक नियंत्रण कक्ष में बाल विवाह से संबंधित सूचनाओं का संधारित पंजिका में आवश्यक इन्द्राज करेंगे। उक्त नियंत्रण कक्ष में वर्तमान में संचालित प्रशासन गांवों के संग अभियान में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी नियंत्रण कक्ष में लगाई गई है जो उक्त अभियान के साथ-साथ बाल-विवाह संबंधी सूचनाओं का कार्य भी संपादित करेंगे।

जारी आदेश के अनुसार नियंत्रण कक्ष में नियुक्त कार्मिक बाल विवाह के संबंध में प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी अधिकारी, न्याय अनुभाग (अतिरिक्त जिला कलक्टर, डूंगरपुर) एवं संबंधित ब्लॉक के उपखण्ड मजिस्ट्रेट को अवगत करायेंगे।

## मस्तान बाबा के सालाना उर्स के मुबारक मौके पर रक्त दान का आयोजन कल, 25 नवम्बर को होगा राशन वितरण

**डूँगरपुर।** कौमी एकता के प्रतिक हजरत किबला मस्तान शाह बाबा के 28वे उर्स की आमद कि खुशी मे एम एम बी ग्रुप डूंगरपुर कि और से 24 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे सामान्य चिकित्सालय डूंगरपुर के ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर शिविर आयोजित किया जाएगा व 25 नवम्बर सुबह 11बजे ग्रुप के ऑफिस ऐ के मोटर गैराज नेमिनाथ जैन मंदिर के सामने में सभी समुदाय के जरूरतमंद परिवारो को राशन कीट वितरित किये जाएंगे इसके साथ ही 26 नवम्बर को तपस मुक बधिर संस्थान मे बच्चो को फल व बिस्किट वितरण का आयोजन होगा।

## क्रिकेट व बास्केट बोल खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर शिक्षा विभाग की ओर से लक्ष्मण मैदान में चल रही चार दिवसीय क्रिकेट व बास्केट बोल खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। इस मौके पर लक्ष्मण मैदान स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी होल में समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगरपरिषद के सभापति अमृत लाल कलासुआ रहे। इस मौके पर अतिथियों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता रही सनराइज स्कूल व बास्केट प्रतियोगिता में अव्वल रही फ्लावर किड्स स्कूल की टीम को पुरुस्कृत किया गया। वही इस मौके पर सभापति अमृतलाल ने खिलाडियों को संबोधित किया।

अपने संबोधन में सभापति अमृत लाल ने विजयी रही टीमो के खिलाडियों को बधाई दी साथ ही उपविजेता रही टीमो के खिलाडियों को निराश न होकर आगे और मेहनत कर जीत हासिल करने का आव्हान किया।

## प्रशासन गांवो के संग अभियान में कोताही नही बरतें- सुरेन्द्र बामणिया

### पूर्व विधायक पहुंचे नन्दोड़ पँचायत

**सागवाड़ा।** प्रशासन गांवो के संग अभियान में कोताही नही बरतते हुए शिविर में आएं ग्रामीणों के कार्य को सहयोग करते बखूबी पूरा करें यह उदगार सागवाड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार बामणिया ने 23 नवम्बर को सागवाड़ा पँचायत समिति के नंदोड़ ग्राम पंचायत में आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान शिविर के दौरान अपने उदबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन के कार्य मौके पर हो विभागों के चक्कर नही लगाने पड़े इसलिए इन शिविरों का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया द्वारा राजकीय उमावि नंदोड़ में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण भी की उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन अपने बालक-बालिकाओं को शिक्षा से अधिक से अधिक जोड़े शिक्षा ही जीवन का मूल-आधार है।

## जीजा के साथ नहाने गया सरपंच का बेटा, पैर फिसलने से गहराई में डूबा, जीजा ने आवाज लगाकर लोगों को बुलाया

**सागवाडा।** जीजा के साथ नहाने गए सरपंच पुत्र साले की मंगलवार को बाबा की बार तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और गोताखोर को बुलाकर शव को बाहर निकाला गया। चितरी थानाधिकारी गोविंदसिंह ने बताया कि भेमई सरपंच जगदीश रोत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

इसमें बताया कि उसका छोटा बेटा अभिजीत रोत (17 वर्ष) 11वी कक्षा में पढ़ाई में पढ़ाई करता है। मंगलवार सुबह वह अपने जीजा महेश डामोर के साथ घर से नजदीक बाबा की बार तालाब में नहाने का कहकर चले गए। जीजा ओर अभिजीत दोनों तालाब में नहाने उतरे। अभिजीत पानी की गहराई में चला गया और पैर फिसलने से डूबने लगा। जीजा महेश ने चिल्लाते हुए लोगों को आवाज लगाई, लेकिन लोग दौड़कर आते तब तक अभिजीत पानी की गहराई में डूब गया था। तालाब के किनारे लोगो की भीड़ लग गई।

कई लोग तालाब में उतरकर अभिजीत को ढूंढने लगे। सरपंच जगदीश रोत, पत्नी रमिला मौके पर पंहुचे ओर फूट-फूटकर रोने लगे। चितरी थानाधिकारी गोविंदसिंह जाब्ते के साथ तालाब पर पंहुचे। गलियाकोट से गोताखोर हारून बादशाह को बुलाया गया और शव को तलाश की। काफी मशकमत के बाद पानी की गहराई से शव को बाहर निकाला गया।